757

BED-110

June - Examination 2019

Bachelor of Education Examination

Pedagogy of Hindi

हिन्दी शिक्षण

Paper - BED-110

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 70**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **7 × 2 = 14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) (i) 'अप्रोचेज एंड मेथड्स इन लैंगवेज' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(ii) 'सजेस्टोपिडीया' भाषा शिक्षण के किस उपागम से संबंधित है?

(iii) ''प्रतिदिन'' शब्द में उपसर्ग क्या है?

(iv) 'इस्की' नामक कोडिंग प्रणाली किस संस्थान द्वारा विकसित की गई है?

(v) भाषा प्रयोगशाला क्या है?

(vi) 6 फरवरी 1999 को 'देवनागरी हिन्दी' में प्रथम नि:शुल्क ई–मेल सेवा किस सॉफ्टवेयर कम्पनी द्वारा प्रारम्भ की गई थी?

(vii) संधि की परिभाषा लिखिए तथा उसके कोई दो प्रकार भी बताएँ।

खण्ड – ब **4 × 7 = 28**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंकों का है।

2) पठन कौशल पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

3) सहसंबंध क्या है? भाषा के उर्ध्वाधर तथा क्षैतिज सहसंबंध को स्पष्ट करें।

4) शिक्षण पद्धतियों एवं उपागमों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

5) हिन्दी भाषा के विकास में दूरदर्शन की भूमिका को आप कितना महत्वपूर्ण मानते हैं? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क प्रस्तुत करें।

6) किसी छात्र द्वारा की जा रही वर्तनी की अशुद्धियों को ठीक करने के लिए आप किस प्रकार से उपचारत्मक शिक्षण करेंगें?

7) द्वितीय भाषा शिक्षण की किसी दो विधियों की चर्चा संक्षेप में कीजिये।

8) भाषा अधिगम हेतु सामूहिक चर्चा प्राविधि के महत्व को स्पष्ट करें।

9) भाषा के प्रमुख प्रतीकों को संक्षेप में स्पष्ट करें।

खण्ड – स **2 × 14 = 28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंकों का है।

10) किसी कक्षा के हिन्दी पाठ्यक्रम की समालोचना आप किन–किन आधारों पर करेंगें। आप के मतानुसार समालोचना के ये आधार क्यों महत्वपूर्ण हैं?

11) भाषा की उत्पत्ति के प्रमुख सिद्धांतों की व्याख्या करें। आपके अनुसार कौन सा/से सिद्धांत अधिक उपयुक्त है/हैं, अपने पक्ष में तर्क प्रस्तु करें।

12) आधुनिक संचार के साधन हिन्दी के स्वरूप को बिगाड़ रहे हैं – इस कथन के पक्ष या प्रतिपक्ष में तर्क प्रस्तुत करें।

13) 'श्रवण कौशल भाषा विकास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष है' – इस कथन के संदर्भ में तर्क प्रस्तुत करें।